हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 25 जून 2025

11 छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक करके लोगों को बताए...

12 खेल स्टेडियम की हालात खस्ता, खिलाड़ियों...


### जलभराव की समस्या से वाहन चालकों को यूटर्न करना हुआ मुश्किल

# नेशनल हाईवे148बी के फ्लाईओवर के नीचे और सर्विस लाइन पर बारिश के जलभराव से वाहन दुर्घटनाएं बढ़ी, ग्रामीण परेशान

- गंदगी में मच्छर पनपने व दुर्गंधमयी वातावरण में दुकानदारों को सांस लेना हुआ दुर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

नेशनल हाईवे 148 बी के अधिकांश फ्लाईओवर नीचे व सर्विस लाइनों पर बारिश के जलभराव की समस्या बनी हुई है। पानी में गहरे गड्ढे होने की वजह से वाहनों की दुर्घटना व राहगीरों के फिसलने की समस्या बढ़ गई। परेशान ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग को स्थिति से अवगत करवा दिया, लेकिन यह विभाग एनएचआईए के अधिकारियों को शिकायत भेजने की कहकर पल्ला झाड़ लिया। अब हाईवे अथॉरिटी का कार्यालय या संपर्क नंबर नहीं मिलने के कारण लोगों को अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने उपायुक्त से पानी निकासी का प्रबंध व क्षतिग्रस्त सड़क की रिपेयर कराने की गुहार लगाई है।

डॉ. विकास यादव, बीरसिंह, अशोक कुमार, बिरेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार ने नेशनल हाईवे आठ से नेशनल हाईवे 148बी का निर्माण कराया है। जिससे वाहन चालकों को हिसार, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल, शिमला जाना आसान हो गया। हाईवे निर्माण के दौरान रायमलिकपुर से 152 डी के विलय प्वाइंट तक करीब 10 ग्रामीण बस स्टैंडों पर फ्लाईओवर स्वीकृत किए गए हैं, साथ ही दोनों तरफ सर्विस लाइन की सुविधा मुहैया करवा दी। जिससे लोकल गांवों के वाहनों को यातायात की सुविधा उपलब्ध हो गई है, लेकिन फ्लाईओवरों पर बरसाती पानी के निकास का प्रबंध नहीं किया गया। थोड़ी बारिश होते ही सभी पुलिया नीचे जलभराव हो जाता है। नांगल नूनिया के फ्लाईओवर से राजस्थान के लगभग 10 गांवों के लोग हाईवे पर एंट्री करते हैं। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों की बसें भी इसी फ्लाईओवर से यूटर्न व गांव में प्रवेश करती हैं। यहां जलभराव की समस्या के चलते वाहनों को साइड लेना भी संभव नहीं हो पाता। पानी में गहरे गड्ढे चालको दिखाई नहीं देते, जिस कारण दुर्घटना के हादसे बढ़ गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि एकत्र पानी में सड़न व मच्छरों का पनपना आरंभ हो गया है। दूसरी तरफ मोहनपुर के पास पुलिया के नीचे भी बरसाती पानी का निकास नहीं, जलभराव रहने की वजह से श्मशान घाट का रास्ता भी बाधित बना हुआ है। नांगल चौधरी के राव तुलाराम चौक पर भी बारिश होते ही जलभराव हो जाता है। परेशान लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवा दिया, इसके बावजूद अभी तक स्थिति यथावत बनी हुई है।


नांगल चौधरी। हाईवे के फ्लाईओवर नीचे जमा बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

#### विद्यार्थियों को कॉलेज जाना व मार्केट से घर आना हुआ मुश्किल

ग्रामीणों ने बताया कि गांव से सैकड़ों विद्यार्थी कॉलेज में पढ़ने जाते हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं भी बाजार जाना होता है। जिन्हें बस पकड़ने के लिए फ्लाईओवर नीचे से दूसरी साईड जाना होता है, लेकिन पुलिया नीचे जलभराव होने की स्थिति में उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस दौरान पैर फिसलने के कारण कई राहगीर चोटिल भी हो चुके हैं।

#### पानी निकास के प्रबंध करना हाईवे अथोरिटी की जिम्मेदारी

लोकनिर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि नेशनल हाईवे के फ्लाईओवरों के नीचे जलभराव की स्थिति है। जिससे आमजन को परेशानी होने की शिकायत संज्ञान में हैं, लेकिन इस समस्या के समाधान की जिम्मेवारी हाईवे अथोरिटी की है। कई गांवों की सर्विस लाइन पर जलभराव रहने से जानलेवा हादसे की संभावना बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन आक्रमणः 16 आरोपियों को पकड़ा

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ नेतृत्व में पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत चलाए गए सर्च अभियान में 16 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने पांच पीओ भी पकड़े हैं। पुलिस ने लेन ड्राइविंग के नियमों की पालना न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहनों के चालान भी किए। स्पेशल अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा, थाना व चौकी स्तर पर टीमों का गठन किया गया। इस सर्च अभियान के दौरान पुलिस की 25 टीमों का गठन किया गया। जिनमें करीब 100 पुलिस कर्मी शामिल हुए।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी वापस लेने की मांग

**नारनौल।** एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने बिजली दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि की कड़े शब्दों निंदा करते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि बिजली एक मौलिक जरूरत बन चुकी हैं, बिजली मुनाफा कमाने का जरिया नहीं है। यह बढ़ोतरी केंद्र सरकार की ओर से पारित बिजली बिल, जो संपूर्ण बिजली के निजीकरण में एक बड़ा जनविरोधी कदम को लागू करने में एक कदम है। प्री पेड स्मार्ट बिजली मीटर भी इसी उद्देश्य से बिजली उपभोक्ताओं पर थोपने की तैयारी सरकार कर चुकी है।

### अनुसूचित जाति कर्मचारी संघ की बैठक 29 को

**नारनौल।** हरियाणा अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ के महासचिव रामकिशन मरोड़िया ने बताया कि 29 जून को संघ की आम सभा का आयोजन अंबेडकर भवन मालवीय नगर में प्रातः 10 बजे किया जाएगा। आम सभा में उपस्थित प्रबुद्ध साथियों को संघ की ओर से गत वर्ष में किए गए आर्थिक, सामाजिक व प्रशासनिक कार्यों से अवगत करवाया जाएगा। आम सभा में महत्वपूर्ण एजेंडों को भी प्रस्तुत किया जाएगा।

### महेंद्रगढ़ के डाइट संस्थान में नई शिक्षा नीति के तहत अगले शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शुरू किया जाएगा चार वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स, 100 सीटें निर्धारित

# अब 12वीं पास छात्र यूजी के साथ ही कर सकेंगे बीएड, बचेगा साल और खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नई शिक्षा नीति के तहत बीए व बीएससी के साथ बीएड भी कर सकेंगे। यह कोर्स जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महेंद्रगढ़ में कराया जाएगा। अगले वर्ष नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से चार वर्षीय इंटीग्रेटेड यह कोर्स शुरू कर दिया जाएगा। इससे अध्यापक बनने की चाह रखने वाले 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी स्नातक के साथ चार साल का बीएड कोर्स भी कर सकेंगे। इससे विद्यार्थियों की न केवल एक साल की बचत होगी, बल्कि समय व धन की भी बचत हो सकेगी। बीएबीएड एवं बीएससी बीएड के लिए 50—50 सीटें निर्धारित की गई हैं। एकबार में सौ विद्यार्थी स्नातक एवं बीएड की एकसाथ पढ़ाई कर सकेंगे।

बता दें कि स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी इन टीचर एजुकेशन की तर्ज पर अब जिला में भी चार वर्षीय बीएससी बीएड और बीए बीएड कोर्स के लिए अनुमति प्रदान की गई है। नई शिक्षा नीति के तहत यह कोर्स आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महेंद्रगढ़ में शुरू होंगे। इंटीग्रेटेड कोर्स को लेकर उच्च शिक्षा विभाग व उच्चतर शिक्षा विभाग के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग (एमओयू) समझौता किया गया है, जिसके अनुसार डाइट महेंद्रगढ़ व राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ के बीच कोलाबैरेशन रहेगा। यानि स्नातक के लिए विद्यार्थी राजकीय महाविद्यालय में एडमिशन ले सकेंगे तथा डाइट व महाविद्यालय के लेक्चरर उन्हें मिलकर यूजी एवं बीएड की पढ़ाई करवाएंगे।

### 50-50 सीटें हैं निर्धारित

बीए बीएड एवं बीएससी बीएड के लिए सरकार ने इंटीग्रेटिड कोर्स में 50-50 सीटें निर्धारित की हैं। यानि एकसाथ 100 विद्यार्थी स्नातक के साथ बीएड की पढ़ाई कर सकेंगे। इसके लिए महेंद्रगढ़ डाइट को चुना गया है, जहां पहले जेबीटी की पढ़ाई करवाई जाती थी, लेकिन सरकार ने सरकारी प्राथमिक पाठशालाओं में गिरती बच्चों की संख्या को देखते हुए काफी स्कूल बंद कर नजदीकी स्कूलों में समायोजित कर दिए, जिस कारण अब जेबीटी अध्यापकों की सरकार की उतनी जरूरत नहीं रही है। इसी के मद्देनजर फिलहाल सरकार ने डाइट में जेबीटी के कोर्स स्थगित कर रखे हैं।


नारनौल। डाइट महेंद्रगढ़। फोटो : हरिभूमि

#### नई शिक्षा नीति के तहत शुरू किए जा रहे हैं इंटिग्रेटेड कोर्स

नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षण संस्थानों में इंटिग्रेटेड कोर्स की शुरु किए जा रहे हैं, जिसके प्रथम चरण केंद्रीय विश्वविद्यालयों में इंटिग्रेटेड कोर्स की शुरुआत की गई है। जबकि दूसरे चरण में राज्य विश्वविद्यालयों तथा तीसरे चरण में डाइटों में इंटिग्रेटेड कोर्स की शुरुआत की जा रही है, जिसके तहत प्रदेशभर की 12 डाइटों में इंटिग्रेटेड कोर्स की शुरुआत की गई है। कुछ स्थानों पर इस प्रकार के कोर्स करवाए जा रहे हैं तो कुछ संस्थानों आगामी सत्र से दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी।

#### जिले में पहले से है एक बीएड कॉलेज

जिले में इस समय एकमात्र सरकारी बीएड कॉलेज नारनौल में सन 1999 से चल रहा है, जो ब्वॉयज कॉलेज के साथ लगती बिल्डिंग में चल रही है। इस कॉलेज के लिए सौ सीटें निर्धारित हैं और इसमें दो साल में बीएड करवाई जाती है। फिलहाल इसी सरकारी कॉलेज में बीएड करवाई जा रही है और यह कॉलेज लंबे समय से सफलतापूर्वक चल रहा है।

#### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत मजबूत होगा इन्फ्रास्ट्रक्चर

डाइट के नोडल अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत व आधुनिक करने के लिए केंद्र सरकार की योजना अनुसार संस्थान को उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) में शामिल किया गया है, जिसके तहत 12 करोड़ 90 लाख रुपए की राशि डाइट महेंद्रगढ़ को दी गई है। उन्होंने बताया कि सेंटर आफ एक्सीलेंस मतलब संस्थान में विश्वविद्यालय की भांति आधुनिक कक्षाएं, डिजिटल बोर्ड, ऑडिटोरियम आदि अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे विद्यार्थी आधुनिक तकनीक से पढ़ाई कर सके। उन्होंने बताया कि इस बार पूरे प्रदेश में चार डाइट संस्थानों को उत्कृष्टता केंद्र के लिए चयन किया गया, जिसमें जिला झज्जर, जींद, फतेहाबाद व महेंद्रगढ़ शामिल हैं, जबकि करनाल पहले से शामिल है।

#### यह बोले डाइट प्राचार्य

डाइट के प्राचार्य एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त यादव ने बताया कि महेंद्रगढ़ की डाइट में आगामी सत्र से इंटिग्रेटेड कोर्स की शुरुआत होने जा रही है, जिसमें विद्यार्थी चार वर्षीय कोर्स में बीए, बीएससी के साथ बीएड कर सकेंगे। अध्यापक बनने के इच्छुक विद्यार्थी 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत इस चार वर्षीय इंटीग्रेटिड बीएड कोर्स में दाखिला ले सकेंगे। कोर्स की शुरुआत करने के लिए संस्थान द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। इंटिग्रेटेड कोर्स के लिए डाइट व राजकीय महाविद्यालय के बीच कोलैबोरेशन किया गया है, जिसमें विद्यार्थियों को स्तनाक की पढ़ाई कॉलेज प्राध्यापकों तथा बीएड की पढ़ाई डाइट प्राध्यापकों द्वारा करवाई जाएगी।


नारनौल। सघन स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### सघन स्वच्छता अभियानः जनभागीदारी से चमकेंगे गांव

**नारनौल।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के निर्देशानुसारए मंगलवार को गांव तिगरा, नानगवास, मौसमपुर, हमीदपुर, बायल, सुरेहती जाखल, सलूणी में सघन स्वच्छता अभियान के तहत एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जनभागीदारी से गांवों को स्वच्छ बनाना है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि इस अभियान के दौरान ग्रामीणों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। सुबह नौ बजे से 11 बजे तक लगातार दो घंटे तक ग्रामीणों ने मिलकर गांव की गलियों, सड़कों और सरकारी इमारतों की सघन साफ सफाई की। यह अभियान सामुदायिक भागीदारी और स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। मनोज कुमार ने आगे बताया कि यह अभियान जिले के प्रत्येक खंड में प्रतिदिन एक एक गांव में चलाया जा रहा है। इसका लक्ष्य है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर जिले के सभी गांवों में स्वच्छता का उच्च स्तर प्राप्त किया जा सके। इस अवसर पर स्थानीय अधिकारियों व गणमान्य व्यक्तियों ने भी ग्रामीणों के साथ मिलकर साफ सफाई के कार्य में हिस्सा लिया और उन्हें स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

# खेड़की के खंडहर मकान में मिला 27 वर्षीय युवक का शव परिजनों ने बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

- बीती 25 मई को घर से अचानक लापता हो गया था गांव डोहर कलां का युवक अविवाहित था युवक

गांव खेड़की में एक खंडहर से सड़ी-गली हालात में शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने बदबू आने पर पुलिस को इसकी सूचना दी। सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। मृतक की पहचान गांव डोहर कलां निवासी 27 वर्षीय नीरज उर्फ सोनू के रूप में हुई है। मृतक काफी दिनों से घर से लापता था तथा परिजनों द्वारा गहली पुलिस चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई हुई थी। मृतक की माता ने पुलिस से बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम करवाने की मांग की है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव खेड़की में एक खंडहर में सोमवार की देर शाम सड़ा-गला शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने खंडहर के अंदर जाकर देखा तो वहां एक शव पड़ा था।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत डायल 112 नंबर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही महेंद्रगढ़ सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वही नारनौल से फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। घटनास्थल पर बारीकी से साक्ष्य जुटाए गए। थाना प्रभारी मुकेश कुमार भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। यह मकान काफी दिनों से बंद पड़ा था। जब ग्रामीणों ने मकान के अंदर से बदबू आने लगी, तब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा दिखाई दिया। शव के पास एक मोबाइल फोन और छत पर लटकती एक रस्सी भी मिली, जो शव से अलग थी।

#### मृतक की माता ने पुलिस को यह दिए बयान

मृतक की माता कांता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव डोहर कलां थाना सदर नारनौल की रहने वाली है। उसके पति की करीब आठ वर्ष पहले मौत हो चुकी है। उसके दो बच्चे हैं, जिसमें बड़ा लड़का 27 वर्षीय नीरज उर्फ सोनू व छोटी लड़की मनजीत जो शादीशुदा है तथा नीरज अविवाहित था। उसका मायका गांव खेड़की में है। उसके लड़के नीरज का गांव खेड़की में काफी दिनों से एक लड़की के साथ फोन पर प्रेम प्रसंग की बातचीत होती थी। 25 मई को नीरज घर से सुबह करीब नौ बजे बिना कुछ बताएं कहीं चला गया था, जो शाम तक घर पर नहीं आया। नीरज घर नहीं आने पर उसने उसके मोबाइल पर फोन किया, लेकिन नीरज का फोन नहीं उठा। इसके बाद उसने व परिवार के सदस्यों ने नीरज की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं चल सका। फिर उसने नीरज की गुमशुदगी की रिपोर्ट गहली पुलिस चौकी में दी। सोमवार की रात को मुझे व परिवार के लोगों ने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचना मिली कि गांव खेड़की में खंडहर मकान में एक नौजवान व्यक्ति की लाश मिली है। इसके बाद वह अपने जेठ सुरेश व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सरकारी अस्पताल में आई। यहां आकर देखी तो एक गली सड़ी लाश देखी, फिर उसने नीरज के कपड़ों के माध्यम से उसकी पहचान की। उन्होंने बताया कि यह लाश उसके लड़के नीरज की है। कांता ने पुलिस से मांग की है कि उसके लड़के नीरज का बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम करवाकर नियम अनुसार कार्रवाई की जाए।

### भूमि के स्वामित्व का दावा करने के लिए संबंधित बीडीपीओ कार्यालय में करें आवेदन

# गांवों में अवैध मकानों को वैध करने का सुनहरा मौका

- कुछ शर्तों के साथ 31 मार्च 2004 से पहले बने घरों में रहने वालों को मिलेगा मालिकाना हक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में दो दशक से अधिक समय से ग्राम पंचायतों में अनधिकृत रूप से निर्मित मकानों को कुछ शर्तों के साथ विनियमित करने का फैसला लिया है। इच्छुक लाभार्थी भूमि के स्वामित्व का दावा करने के लिए संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आकर आवेदन कर सकते हैं।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि विकास एवं पंचायत विभाग की ओर से 17 जनवरी 2025 को जारी अधिसूचना के तहत ग्राम पंचायतों में अनधिकृत रूप से निर्मित मकानों को विनियमित करने का अधिकार देने के लिए प्रावधान किया गया है। इस प्रावधान के तहत संबंधित नागरिक गांव के निवासी होने चाहिए। लाभार्थी के मकान का निर्माण 31 मार्च 2004 को या उससे पहले हुआ होना चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उस मकान से किसी सार्वजनिक उपयोगिता के यातायात में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा यह तालाब या किसी जल निकाय या राजस्व रास्ते के लिए आरक्षित भूमि पर भी नहीं होनी चाहिए।

शर्तों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि केवल ढका हुआ क्षेत्र तथा ढके हुए क्षेत्र का 25 प्रतिशत खुला स्थान होना चाहिए। कुल मिलाकर 500 वर्ग गज से अधिक नहीं होना चाहिए। भूमि क्रय के लिए आवेदन नियमावली के प्रकाशन की तिथि अर्थात 17 जनवरी 2025 से 12 माह की अवधि के भीतर प्रस्तुत किया जा सकेगा। यदि पर्याप्त कारण उपलब्ध हो तो अनाधिकृत कब्जे वाली भूमि के क्रय के लिए आवेदन 12 माह की उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात भी स्वीकार किया जा सकेगा।

#### शर्तों के दायरे में भूमि के स्वामित्व का दावा करने के हकदार



*उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि भूमि की दर 31 मार्च 2024 को प्रचलित कलेक्टर दर के 1.5 गुना के बराबर होगी तथा यदि यह उपलब्ध न हो तो अगले वर्ष की कलेक्टर दर पर विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो भी नागरिक इन शर्तों के दायरे में भूमि के स्वामित्व का दावा करने के हकदार हैं, वे अपना आवेदन संबंधित खण्ड कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस पर जमा करवा सकते हैं।*

# इब्तिदा संस्था ने किए 26 किसानों को 6.76 लाख के कृषि उपकरण वितरित

**नांगल चौधरी।** इब्तिदा संस्था अलवर ने निजामपुर ब्लॉक में भूजल रिचार्ज व किसानों को समृद्ध बनाने की योजना बनाई है। जिसके अनुसार चार गांवों के 26 किसानों को 6.76 लाख रुपये के कृषि उपकरण वितरित करने के बाद उन्हें खेतीबाड़ी की आधुनिक तकनीक से अवगत कराया है। ग्रामीणों को बरसाती पानी का स्टॉक करने का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्था के इंचार्ज नसरूदीन ने बताया कि नांगल चौधरी निजामपुर ब्लॉक प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित हैं। दोनों ब्लॉक डार्कजोन में हैं और यहां पेयजल व कृषि सिंचाई नहरी पानी पर निर्भर है, लेकिन ब्लॉक के कई गांव नहरों से टच नहीं, जिस कारण भूजल स्तर नीचे जा रहा है। समाधान के लिए सरकार ने अटल भूजल रिचार्ज स्कीम क्रियाविंत की है। इसके अलावा इब्तिदा संस्था ने भी निजामपुर ब्लॉक में भूजल रिचार्ज योजना चलाई है। ब्लॉक के गांव गांवड़ी में जाट में 15 लाख रुपये की लागत से जोहड़ खुदाई, जमीन का समतलीकरण कराया है। गंगुताना, नियाजलीपुर, आजमाबाद मौखूता, रोपड़ सराय में भी गांव का पानी गांव में रोको मिशन चलाया है। उन्होंने बताया कि मेड़, बांध तथा जोहड़ों के निर्माण से बरसाती पानी का स्टॉक हो सकेगा और भूजल का स्तर सुधारने में मदद मिलेगी। किसानों को आधुनिक तकनीक व संसाधन मुहैया कराकर उन्हें आत्म निर्भर बनाने की मुहिम शुरू की है।


नांगल चौधरी। गांवड़ी में बारिश का पानी रोकने के लिए मेड़ तैयार करवाती संस्था। फोटो : हरिभूमि



# अक्षरधाम में नजर आएंगे अक्षय फिल्म का पहला पोस्टर जारी

**मुंबई।** अक्षरधाम का निर्देशन केन घोष कर रहे हैं। फिल्म मेकर्स ने मंगलवार को अक्षरधाम का नया पोस्टर जारी कर फैंस को खुश कर दिया है। पोस्टर में अक्षय खन्ना का दमदार लुक देखकर नजर आ रहा है। सी स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर फिल्म अक्षरधामका पोस्टर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'आतंक की एक शाम। बेमिसाल वीरता की एक रात। यहां अक्षरधाम ऑपरेशन वज्र शक्ति का पहला लुक है, एक ऐसी कहानी जिसे भारत कभी नहीं भूलेगा! ट्रेलर बुधवार को रिलीज होगा। देखते रहिए। 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' फिल्म का यह पोस्टर फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। वह इस पोस्टर पर लाल दिल वाले और फॉयर इमोजी बरसा रहे हैं।

## लाइफ Style


# सारा

## जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इस शानदार लुक के साथ सारा ने एक खास शायरी भी लिखी है। सारा की इस शायरी पर उनके भाई इब्राहिम ने एक प्यारा कमेंट शायरी स्टाइल में दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा अली खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इस नए लुक में सारा ऑफ शोल्डर लाल जंप सूट में नजर आ रही हैं। फैंस को सारा का यह लुक बेहद पसंद आ रहा है। फैंस ने उनके इस लुक पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी बरसाए हैं। सारा ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में इस शानदार लुक के साथ एक शायरी लिखी। उन्होंने लिखा, 'लाल मेरे दिल का हाल है, आधा टाई आधा खुला मेरे बाल है, हाई हील्स में व्यस्त चाल है, लेकिन एल्बम लॉन्च के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि वाह क्या सुर और ताल है।' सारा ने आगे लिखा, 'जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है, कमाल है, कमाल है।' सारा की इस पोस्ट पर उनके भाई और एक्टर इब्राहिम अली खान ने भी शायरी में जवाब देते हुए सारा की तारीफ की है और साथ ही कहा कि तुम्हारी याद आती है बहन।' सारा की इस पोस्ट पर इब्राहिम अली खान ने कमेंट किया, 'तुम्हारी याद आती है बहन, तुम्हारे बिना लंदन कड़वा है, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं तुम्हारे पास जल्दी वापस आऊं और फिर निश्चित रूप से हम अपनी कलह शुरू कर देंगे। शायरी लिखना शायद मेरे खून में है और क्या बोलूं मेरी बहन सब से अच्छी है।'



## हॉलीवुड मसाला



# 24 वर्षों बाद एक साथ आए नजर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट की आगामी फिल्म 'एफ 1' का प्रीमियर लंदन में किया गया। इस दौरान कई दिग्गज सितारे शामिल हुए। हालांकि, यह प्रीमियर चर्चा का विषय तब बना, जब हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज शो में भाग लेने पहुंचे और दोनों अभिनेताओं को साथ में करीब 24 साल बाद देखा गया। दोनों को आखिरी बार साल 2001 में 'अमेरिकाः ए ट्रिब्यूट टू हीरोज' कॉन्सर्ट में देखा गया था। टॉम क्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो ब्रैड पिट के साथ नजर आ रहे हैं।




# जोनस ने खुद को बताया भाग्यशाली

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस अपनी पत्नी और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की तारीफ का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। वो अक्सर प्रियंका की तारीफ करते रहते हैं और उन्हें अपने लिए सबसे खास बताते रहते हैं। अब एक बार फिर निक जोनस ने पत्नी प्रियंका की तारीफ की है और खुद को लकी बताया है। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में निक और प्रियंका एक साथ नजर आ रहे हैं। फोटो में निक एक चेयर पर बैठे हुए हैं और प्रियंका उनकी गोद में बैठी हुई हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए निक ने जो कैप्शन लिखा है, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। निक ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में सिर्फ 'लकी मी' लिखा है। साथ में उन्होंने एक रेड हार्ट भी बनाया है।



# शुरू किया निकिता रॉय का प्रमोशन...

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने यह स्टाइलिश लुक अपनी आगामी फिल्म निकिता रॉय के लिए लिया है। सोनाक्षी ने इस बेहतरीन लुक के साथ एक खास नोट भी लिखा है। सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। इस लुक के साथ सोनाक्षी ने कैप्शन में लिखा, 27 जून को सिनेमाघरों में मिलते हैं। एक फैन ने लिखा, सर्विंग लुक फीट. निकिता रॉय, एक और फैन ने लिखा, ग्लोइंग, एक और फैन ने लिखा, ग्लैमरस, एक और फैन ने लिखा, सुंदर, एक और फैन ने लिखा, बहुत सुन्दर लग रही है प्यारी सोना, एक और फैन ने लिखा, सोना फॉयर है'। हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया।



# सबके सामने कॉल पर माफी मांगते रहे

**मुंबई।** सिंगर अरिजीत के गाए गानों के कई लोग फैन है, लोग उनके म्यूजिक कॉन्सर्ट को भी एंज्वॉय करते हैं। अरिजीत के बॉलीवुड फिल्मों में गाए गाने भी खूब पॉपुलर होते हैं। हाल ही में एक इवेंट में देखा गया कि अरिजीत वीडियो कॉल पर हैं और वहां मौजूद लोगों से माफी मांग रहे हैं। सोमवार को फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म का म्यूजिक लॉन्च इवेंट था। इस फिल्म को दो गाने अरिजीत ने भी गाए हैं, जो इस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। फिल्म के म्यूजिक लॉन्च इवेंट पर सभी मौजूद थे, बस अरिजीत नहीं आ पाए। ऐसे में म्यूजिक कंपोजर प्रीतम ने अरिजीत को वीडियो कॉल लगाया। वायरल वीडियो में अरिजीज कॉल पर अपने फैंस से माफी मांगते दिखते हैं, क्योंकि वह इवेंट में नहीं आए पाए। काफी देर तक प्रीतम और अरिजीत वीडियो कॉल पर बात करते हैं।

## टीवी मसाला




# महारानी वेब सीरीज को मिल चुके हैं 10 से ज्यादा अवॉर्ड्स

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सीरीज के सचिव जी, प्रहलाद चा और प्रधान जी के किरदार ने सभी को अपना दीवाना बना लिया। अब इसकी पॉपुलैरिटी की वजह से इसका चौथा सीजन कुछ दिनों में सबके बीच आने वाला है। हालांकि, एक और वेब सीरीज है, जिसकी कहानी ने सबका मन मोह लिया। इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन भी मिल चुके हैं। इस वेब सीरीज का नाम है 'महारानी', जिसके अभी तक तीन सीजन सोनी लिव पर आ चुके हैं। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसकी कहानी बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें अभनेत्री ने रानी भारती का किरदार निभाया है और उन्हें राजनीति के लिए संघर्ष करते देखा जाता है। उनके किरदार ने दर्शकों और समीक्षकों को इस कदर प्रभावित किया कि इस सीरीज को कई अवॉर्डों से भी सम्मानित किया जा चुका है। हुमा कुरैशी अभिनीत 'महारानी' वेब सीरीज के तीन सीजन रिलीज हो चुके हैं। आईएमडीबी के मुताबिक इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन मिल चुके हैं। इसके लिए हुमा कुरैशी को आईटीए बेस्ट एक्ट्रेस (ड्रामा ओटीटी) का भी सम्मान मिल चुका है। वहीं, एक्ट्रेस को फिल्मफेयर क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड में भी बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला। इसके अलावा अभिनेत्री और उनकी सीरीज 'महारानी' को कई अवॉर्ड्स के साथ-साथ कई बार नामांकित भी किया जा चुका है।

## सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है 'पंचायत'

**नई दिल्ली।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और साल का सबसे मच अवेटेड शो 'पंचायत सीजन 4' अब रिलीज हो चुका है। प्राइम वीडियो ने रात 12 बजे ही पंचायत के चौथे सीजन को स्ट्रीम कर दिया। अधिकांश लोग चौथे सीजन को देखने के बाद इसकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने एक्स पर सीरीज का रिव्यू करते हुए शो में कलाकारों के अभिनय और कहानी की तारीफ की। साथ ही इस सीजन में जो लव स्टोरी एड की गई है, उसकी भी तारीफ हो रही है। हालांकि, यूजर ने शो के कुछ एक सीन को बोरिंग बताया है। एक यूजर ने तारीफ करते हुए लिखा, 'पंचायत सीजन 4 सिर्फ एक शो नहीं है, यह सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है। कहानी, स्क्रीनप्ले और इमोशन सब कुछ एकदम मास्टरक्लास है। यह आपको हंसाता है, रुलाता है, हर फ्रेम बोलता है। कुछ जीत खुशी नहीं लातीं, कुछ जीतें हार से ज्यादा दुख देती हैं। यह सच है, यही पंचायत है।'कई यूजर्स को चौथे सीजन में रिंकी और सचिव जी की आगे बढ़ती लव स्टोरी काफी पसंद आ रही है। फैंस इसकी तारीफ कर रहे हैं।




# वॉर 2 ने रिलीज से 51 दिन पहले बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर अपनी आने वाली फिल्म वॉर 2 से धमाका करने वाले हैं। हाल में फिल्म की पहली झलक सामने आई थी जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म रिलीज के इंतजार में बैठे हैं। फिल्म में दो सुपरस्टार्स को एक साथ एक्शन करते देखना मजेदार होने वाला है। इस फिल्म को लेकर ऑडियंस में इतनी एक्साइटमेंट है कि मूवी टिकट बुकिंग प्लेटफार्म पर वॉर 2 को डेढ़ लाख से भी ज्यादा लाइक्स मिले हैं। मतलब इतने लोगों ने फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले से फिल्म को देखने के लिए अपनी रुचि दिखाई है।

### दो बड़े स्टार एक साथ आएंगे नजर

ट्विटर पर एक फैन ने इस बात की जानकारी देते हुए लिखा, वॉर 2 पर डेढ़ लाख लोगों ने फिल्म देखने के लिए इंटरेस्ट दिखाया है। ये नतीजे फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले के हैं। ये फिल्म थिएटर पर धमाका करने वाली है। वॉर 2 को लेकर ऑडियंस में उत्साह है। इस फिल्म में पहली बार दो इतने बड़े सुपरस्टार एक साथ नजर आएंगे। दोनों के बीच जबरदस्त एक्शन दिखने को मिलने वाला है। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट किया गया है।



### बजट और फीस

फिल्म के बजट की बात करें इस फिल्म को 200 करोड़ में बनाया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जूनियर एनटीआर ने अपनी फीस घटा कर सिर्फ 30 करोड़ में काम किया है। वहीं, सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने 48 करोड़ की मोटी रकम ली है। कियारा अडवानी ने ये फिल्म 15 करोड़ में की है। फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने 32 करोड़ लिए हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज हो रही है।

# सोनम ने 12 इंच लंबे बालों का किया दान




*मुंबई। अभिनेत्री सोनम कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर किसी ना किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। इस बार एक्ट्रेस ने अपने बालों को कटवाया है और एक अनोखा कदम उठाते हुए उन बालों को दान किया, जिस कारण से नेटिजंस उनका बहुत मजाक उड़ा रहे हैं। इसके साथ ही आपको बताते चलें कि अभिनेत्री ने अपने लंबे बालों के लिए पिता अनिल कपूर का शुक्रिया अदा किया है। सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें सैलून में अपने बालों को छोटा करवाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते अभिनेत्री ने बताया, 'मैंने अपने 12 इंच बाल कटवाए हैं। शायद वीडियो में यह छोटा लगे, लेकिन यह सच में एक फुट लंबा है।' इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैंने अपने बालों को 12 इंच छोटा करवाने और दान करने का निर्णय लिया है। इतने खूबसूरत जींस के लिए धन्यवाद अनिल कपूर। इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजंस अभिनेत्री का खूब मजाक उड़ा रहे हैं। एक यूजर एक्ट्रेस का मजाक बनाते हुए कहते हैं, 'इतना बड़ा बलिदान, आप इतने सारे बाल कैसे दान कर सकती हैं। आप पहचान में नहीं आ रही हैं, यह कब वापस उगेंगे। हे भगवान इन बालों से पूरे गांव के लिए विग बनाई जा सकती है।' एक और यूजर ने उन पर कटाक्ष करते हुए बोला, 'लग रहा है जैसे उन्होंने अपने बेकार बालों को काट दिए और उन डैमेज बालों को दान में दे दिया । वाह क्या सोच है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में गुस्से में लिखा कि ये 12 इंच नहीं, बल्कि छह इंच है। कुछ और यूजर्स ने अभिनेत्री के इस फैसले पर व्यंग्य किया है।*

## दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच हो जाती है मोहब्बत

# मेट्रो इन दिनों से लेकर बागबान तक में दिखा उम्रदराज जोड़े का प्यार


*नई दिल्ली। 'ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का हो बंधन, जब प्यार करे कोई तो देखे केवल मन'यह बॉलीवुड सॉन्ग प्यार के सच्चे अहसास को बयां करता है। बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच मोहब्बत हो जाती है। यहां तक की उम्रदराज जोड़ियों की मोहब्बत पर भी बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं। जल्द ही 'मेट्रो इन दिनों'में भी अनुपम खेर और नीना गुप्ता के किरदारों के बीच ऐसा ही रोमांस देखने को मिलेगा। इससे पहले भी कई फिल्मों में उम्रदराज जोड़ों के प्यार की कहानी को बड़ी खूबसूरती से बयां किया गया है।*



**लाइफ इन ए मेट्रो :** साल 2007 में फिल्म 'लाइफ इन ए मेट्रो' रिलीज हुई, फिल्म को अनुराग बसु ने ही निर्देशित किया था। फिल्म में अलग-अलग उम्र के लोगों की लव स्टोरीज दिखाई गई, इन्हीं में से एक लव स्टोरी धर्मेंद्र और नफीसा अली द्वारा निभाए गए किरदारों की थी। फिल्म में कई साल बाद एक जोड़ा मिलता है, अपने पुराने प्यार को अंजाम तक लेकर जाने की कोशिश करता था। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नफीसा पर एक किसिंग सीन भी फिल्माया गया था।

**चीनी कम :** अमिताभ बच्चन और तब्बू की जोड़ी फिल्म 'चीनी कम (2007)' में नजर आई। आर बाल्की निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ और तब्बू के किरदारों के बीच मैच्योर किस्म का प्यार देखना फैंस के लिए नया एक्सपीरियंस था।





**बागबान :** फिल्म 'बागबान (2003)' एक फैमिली ड्रामा फिल्म थी, मगर पति-पत्नी के रोल में नजर आए अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी का प्यार ही फिल्म की कहानी का केंद्र था। उम्रदराज जोड़ा जब किन्हीं वजहों से एक-दूसरे से दूर हो जाता है तो इनका दर्द दर्शकों से भी नहीं देखा जाता है। आखिर में दोनों मिलते हैं और फिल्म हैप्पी एंडिंग पर खत्म होती है।



**बधाई हो :** फिल्म 'बधाई हो (2018)' में आयुष्मान खुराना के माता-पिता के रोल में नीना गुप्ता और गजराज राव नजर आए। इस जोड़े के बीच भी रोमांस दिखाया गया। फिल्म की कहानी इनके रोमांस और वर्षों बाद होने वाले बच्चे पर थी। यह सिचुएशन फिल्म में कॉमेडी की वजह भी बनती है, लेकिन आखिरी में फिल्म दर्शकों को इमोशनल कर जाती है। इस फिल्म के डायरेक्टर अमित रविंद्रनाथ शर्मा थे।

*इन फिल्मों में भी दिखा मैच्योर लव : रोहित शेट्टी निर्देशित गोलमाल 3 (2010) में भी रतना पाठक और मिथुन चक्रवर्ती के बीच एक मैच्योर लव स्टोरी देखने को मिली। साल 2005 में 'प्यार में ट्विस्ट' नाम की एक फिल्म रिलीज हुई, इसमें ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया के किरदारों के बीच रोमांस दिखाया गया था। फिल्म को हृदय शेट्टी ने निर्देशित किया था।*

## खबर संक्षेप



मंडी अटेली। महाविद्यालय में नशा मुक्त पखवाड़ा में शपथ लेते हुए।

### शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**मंडी अटेली।** राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में मंगलवार को यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्त पखवाड़ा मनाया तथा शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रवीण यादव के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर नीलम भारती ने नशे को जड़ से खत्म करने के लिए हर संभव कोशिश के बारे में बताया एवं नशे से होने वाली समस्याओं के बारे में भी जानकारियां दी। उन्होंने इससे होने वाले शारीरिक मानसिक व सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव से अवगत कराया। कॉलेज प्रचार्य ने बाहर से आए हुए एजुकेशन के विद्यार्थियों को ड्रग फ्री केंपस व नार्कोटिक्स विभाग द्वारा चलाये गए नशा मुक्त पखवाड़ा के बारे में बताते हुए बताया कि नशा मनुष्य की सामाजिक निष्ठा को नष्ट कर देता है। समाज के किसी भी नागरिक को जीवन में कभी भी नशे की शुरुआत नहीं करनी चाहिए।

### श्रीश्याम बाग में किया पौधरोपण

**भिवानी।** पंजाबी जागृति मंच ने श्रीश्याम बाग जीतूवाला जोहड़ में पौधरोपण किया। मंच के सदस्यों ने फूलों के पौधे गुलाब, कनेर, चमेली, गेंदा आदि के 50 पौधें रोपित किए। पंजाबी जागृति मंच के प्रधान एवं पूर्व जिला खेल अधिकारी दर्शन कुमार मिड्ढा ने कहा कि पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। मिड्ढा ने कहा कि पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलती है तथा पर्यावरण को सन्तुलन बनाए रखने में पौधों का बहुत अधिक महत्व है। प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर कैलाश चौधरी को कहरोड़ पक्का महासभा का प्रधान बनने पर सम्मानित किया।

# मानसून ने प्रदेश में दी दस्तक, जिले में आज या कल पहुंचने की संभावना

- दिनभर आसमान में छाए रहे बादल आमजन उमसभरी गर्मी से परेशान
- आज से 30 जून तक बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राज्य में मंगलवार को मानसून का पदार्पण हो गया। तेज गति से चलकर दक्षिण पश्चिम मानसून रेलगाड़ी ने आगे बढ़ते हुए संपूर्ण अरब सागर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पूरे जम्मू कश्मीर व लद्दाख को कवर कर लिया। मंगलवार को पंजाब व हरियाणा के कुछ हिस्सों को कवर कर लिया है। वहीं पिछले कुछ दिनों से लगातार हरियाणा एनसीआर दिल्ली में प्री मानसून गतिविधियों को दर्ज किया गया। जिससे तेज गति से हवाएं चलने, अंधड़ व गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और बूंदाबांदी की गतिविधियों को दर्ज किया जा रहा था। वहीं मंगलवार को हरियाणा में मानसून की धमाकेदार एंट्री हो गई है। हरियाणा की धरा में मानसून का मंगलवार हुआ है, जल्द ही हरियाणा एनसीआर दिल्ली के अन्य हिस्सों में मानसून अपने कदमों को रखने के लिए आतुर है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्र मोहन ने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून उत्तरी अरब सागर के शेष भागों, पश्चिमी उत्तरप्रदेश के कुछ और भागों, हरियाणा के



कुछ भागों, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश व जम्मू के शेष भागों तथा पंजाब के कुछ और भागों में आगे बढ़ गया है। अगले 12 से 24 घंटों के दौरान राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली तथा पश्चिमी उत्तरप्रदेश के शेष भागों में दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां बिल्कुल अनुकूल हैं।

### आमजन उमसभरी गर्मी से परेशान

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान सामान्य से नीचे बने हुए हैं, अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान 33.0 डिग्री सेल्सियस से 41.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस से 30.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। जिले में सुबह से शाम तक लगातार बादलों की आवाजाही बनी रही, केवल एक दो स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी हुई। जिसकी वजह से आमजन को उमसभरी पसीने छुटाने वाली गर्मी से रूबरू होना पड़ रहा है। जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ में दिन व रात के तापमान क्रमशः 35.4, 26.0 डिग्री सेल्सियस व 36.5, 26.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आने वाले दिनों मौसम प्रणालियों के संयुक्त प्रभाव से राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली के कुछ और हिस्सों तथा पश्चिम उत्तरप्रदेश के शेष भागों में मानसून रेलगाड़ी के आगे बढ़ने के लिए धीरे धीरे बिल्कुल परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं।

**मौसम पूर्वानुमानः** मानसून आने वाले दिनों में उत्तर भारत के अधिकांश इलाकों में तक पहुंचने के करीब है, इसके अलावा कुछ दिनों में सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। वर्तमान में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ आगे निकल गया। इसके पीछे एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभ 25 जून व 28 जून को उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से पहले पश्चिमी विक्षोभ से एक चक्रवातीय सर्कुलेशन उत्तरी राजस्थान व दक्षिणी पंजाब पर बनने की संभावना बन रही है। जिसकी वजह से बंगाल की खाड़ी व अरब सागर से प्रचुर मात्रा में नमीं मिलने से आने वाले जून महीने के अंतिम दिनों में मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में लगातार झमाझम मानसून बारिश की संभावना बन रही है। यानी हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मानसून झूमकर अपने रंग दिखाने को आतुर है।



नारनौल। बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

# भाजपा 25 को मनाएगी लोकतंत्र का काला दिवस

## जिलास्तरीय संगोष्ठी का होगा आयोजन

- कार्यक्रम की तैयारियों के लिए भाजपा जिला कार्यालय पर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज नारनौल

भाजपा जिला महेंद्रगढ़ अध्यक्ष यतेंद्र राव ने बताया कि 25 जून को लोकतंत्र के काले दिवस का 50वां वर्ष होने पर एक जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन प्रातः 10 बजे आरपीएस स्कूल में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता यतेंद्र राव जिला अध्यक्ष भाजपा महेंद्रगढ़ करेंगे व मुख्य वक्ता सुनील ग्रोवर और अभिमन्यु राव पूर्व ओएसडी मुख्यमंत्री होंगे। जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव ने बताया कि इस कार्यक्रम में जिले के सभी लोकतंत्र सेनानियों को भाजपा सम्मानित करेगी, जिन्हें 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार की मुखिया इंदिरा गांधी की ओर से आपातकाल की घोषणा के बाद जबरन जेल भेज दिया था, जहां अनेक यातनाएं सही थी। उस काल के दौरान पूरे देश को जेल का रूप दे दिया गया था तथा लोकतंत्र की हत्या हुई थी। उस समय लोगों को लंबे समय तक जेल की काल कोठरी में रखा गया था। उस समय जिले के जिन लोकतंत्र सेनानियों ने लोकतंत्र को बचाने के लिए जेल का कठोर कारावास सहा, उन लोकतंत्र सेनानियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को वो लोग यह बताने का काम करेंगे कि किस प्रकार उन्होंने कष्ट सहे और उस काल में क्या क्या घटित हुआ। कार्यक्रम की तैयारियों के लिए भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक हुई। जिसमे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें पुष्पांजलि करने के पश्चात जिला अध्यक्ष ने पूर्व प्रदेश सचिव भाजपा मनीष मित्तल को कार्यक्रम का संयोजक नियुक्त किया। बैठक में लोकतंत्र सेनानी गोविंद भारद्वाज, प्रदेश पैनलिस्ट राकेश शर्मा, मनीष मित्तल, जिला उपाध्यक्ष किशनलाल सैनी, मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष संघी, महेंद्र गौड़, कार्यालय मंत्री संजय अमन, सुशील कुमार, वासुदेव यादव आदि मौजूद थे।

## नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान चलाकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

# छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक करके लोगों को बताए नशे के दुष्परिणाम

- महिला थाना की पुलिस टीम, दुर्गा शक्ति टीम व नुक्कड़ नाटक की टीम ने किया लोगों को नशा न करने के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

वर्तमान में युवा वर्ग में नशे की प्रवृत्ति को कम करने व नशे के कारण होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने के लिए पुलिस की ओर से विभिन्न कार्यक्रम व अभियान चलाकर लगातार आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार पुलिस की ओर से आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के लिए नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान चलाकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को महिला थाना पुलिस टीम, दुर्गा शक्ति टीम व नुक्कड़ नाटक टीम खालड़ा हनुमान मंदिर पर पहुंची। जहां पर राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं की टीम ने नुक्कड़ नाटक का मंचन करके लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नशा किस प्रकार हमारे शरीर के साथ ही हमारे मानसिक, आर्थिक व पारिवारिक जीवन को खराब कर देता है। अतः इस नशे के सेवन से बचे और हमेशा इससे दूर रहे।





नारनौल। नुक्कड़ नाटक करती कॉलेज की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### छात्राओं ने दिया नशे से दूर रहने का संदेश

टीम यदुवंशी स्कूल भी पहुंची। वहां पर पांच जिलों के विभिन्न स्कूलों से आए हुए एनएसएस के विद्यार्थियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए सभी को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस दौरान नशे के खिलाफ चलाए हुए हेल्पलाइन नंबर 1933 की भी जानकारी दी गई। इस दौरान विशेष रूप से डीएसपी सुरेश कुमार मौजूद रहे। लघु नाटिका के दौरान महिला थाना प्रबंधक निरीक्षक मंजूषा, दुर्गा शक्ति इंचार्ज निरीक्षक मिनाक्षी, अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राएं मोनिका, नीतू, अंकिता, उर्मिला, तनुजा, सुनिता, शालिनी, प्रीति, शीनू, जागृति, भारती, निशु व एकता ने नुक्कड़ नाटक कर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर नशे के खिलाफ जागरूक किया।

### नशा बेचने वालों की दें जानकारीः डीएसपी

इस दौरान डीएसपी सुरेश कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आम लोग नशीले पदार्थों की बिक्री व अन्य अवैध गतिविधि के बारे में कोई भी विश्वसनीय जानकारी पुलिस को दें, उनकी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। उनके सहयोग के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया जा सकता है। इस नशा विरोधी जागरूकता अभियान का उद्देश्य समाज में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरे के बारे में आम जनता को शिक्षित करना है, ताकि नशा विरोधी संदेश लोगों तक पहुंचे।

### नशा पूरी जिंदगी भर करता है प्रभावित

महेंद्रगढ़ पुलिस की ओर से युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस दौरान राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि एक नशेड़ी की नशे की लत से सिर्फ नशेड़ी प्रभावित नहीं होता, बल्कि उसका परिवार भी उस नशे की आग में बुरी तरह जलता है और पूरी जिंदगी भर प्रभावित रहता है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने लोगों को दर्शाया कि कैसे नशेड़ी अपने नशे को पूरा करने के लिए अपने घर के बर्तन व सामान आदि बेचकर अपनी लत को पूरा करता है। नशे में वह लोग अपने परिवार को भूल जाते हैं और पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। नाटक के माध्यम से संदेश दिया कि युवा पीढ़ी सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़े न की नशाखोरी के प्रति।



महेंद्रगढ़। नशा ने करने की शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय महाविद्यालय में शपथ ग्रहण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत तथा नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय को मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य एवं जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने की। उन्होंने कहा कि नशा आज के समाज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है, जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि परिवार और समाज को भी विघटित करता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके विरुद्ध जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों तथा बीएड परीक्षार्थियों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे स्वयं को, अपने परिवार, मोहल्ले, गांव और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे और भारत तथा हरियाणा को नशामुक्त बनाने की दिशा में हरसंभव योगदान देंगे। नशा मुक्ति अभियान के महाविद्यालय प्रभारी प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ ने नशे के सामाजिक, मानसिक और शारीरिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जीवन में संयम, अनुशासन और सदाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# दुष्यंत के मुख्यमंत्री बनने पर बाछौद हवाई पट्टी बनेगी नेशनल हवाई अड्डाः खातोद

- जननायक जनता पार्टी की अटेली हल्के की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

जननायक जनता पार्टी की अटेली हल्के की बैठक हल्का प्रधान बेदू राता की अध्यक्षता में जजपा कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रधान राजकुमार खातोद रहे। बैठक में मुख्य अतिथि का हल्का प्रधान बेदू राता ने पगड़ी एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जिला प्रधान ने अपने संबोधन में बताया कि आप कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। सभी साथी अपने आपको दुष्यंत चौटाला समझकर मेहनती साथियों को पार्टी के साथ जोड़ें, क्योंकि आने वाला समय जननायक जनता पार्टी का है।



मंडी अटेली। जजपा की बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

अटेली की जनता ने कभी सपनों में भी नहीं सोचा होगा कि हमारे आसपास हवा में आकाश में हेलीकॉप्टर उड़ेंगे। यह सपना जब गठबंधन की सरकार में दुष्यंत चौटाला उपमुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने अपने हाथों से यह सपना आप लोगों का साकार करके दिखाया। इसके अलावा यहां पायलट की ट्रेनिंग दी जा रही है। आने वाले समय में जब दुष्यंत चौटाला मुख्यमंत्री बनेंगे, तब बाछौद हवाई पट्टी नेशनल लेवल का हवाई अड्डा बनेगा। विधानसभा के चुनाव में पार्टी अटेली हल्के के में आपके बीच के उम्मीदवार को टिकट देगी। किसी बाहरी उम्मीदवार की कोई दखलअंदाजी नहीं होगी। इस मौके पर अटेली हल्का प्रधान बेदू राता ने बताया कि पूरे हरियाणा में 15 जून से 31 जुलाई तक सदस्यता अभियान पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे हैं। बैठक में तिगरा से मोनू, आशु, रूप, सुरानी से बसंत, विक्रम शर्मा ने भाजपा जिला किसान मोर्चा, अश्विनी तिगरा नवीन और लक्ष्य थोबड़ा आदि साथियों ने भाजपा को छोड़ दुष्यंत चौटाला को अपना नेता मानते हुए जिला प्रधान राजकुमार खातोद के नेतृत्व में पार्टी ज्वाइन की। वहीं जिला प्रधान ने उन सभी का स्वागत किया। इस मौके पर राव सुरेश शास्त्री, हरचंद मास्टर, कैलाश पालड़ी, वीरेन्द्र, सचिन जिला पार्षद, सुविधा शास्त्री, केशव वर्मा, अनुज कौशिक, रविंद्र, जयबीर, थावर सिंह, सत्यनारायण यादव, विक्रम शर्मा, इंद्रपाल, रणवीर, इंद्रजीत, दिनेश राता, जिला प्रवक्ता विजय छिलरो आदि जजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कनीना। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित बैठक में हिस्सा लेते अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठक आयोजित

**कनीना।** उप नागरिक अस्पताल की चिकित्सा प्रभारी डॉ. रेनु वर्मा ने कहा कि लिंग अनुपात सुधारने में महिला एवं बाल विकास अधिकारी सहित अन्य महिला कर्मी सामुहिक रूप से सहयोग करें। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सरकार के आदेशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सहेली कार्यक्रम की शुरूआत की जा चुकी है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अलावा आशा वर्कर व आंगनबाड़ी वर्कर को जरूरी दिशानिर्देश दिए गए। बैठक में डॉ. जितेंद्र मोरवाल, पूजा, ज्योति कुमारी, डॉ. दीपांशु, सुमन देवी, दिनेश कुमार, संदीप कुमार, कविता, सुनिता देवी, सुमन उपस्थित थे। दूसरी ओर सीएचसी सेहलंग के अंतर्गत गांव केमला में भी लिंगानुपात में सुधार के लिए जागरूकता बैठक आयोजित की गई। जिसमें डॉ. दीक्षा शर्मा ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर जोर दिया गया। कन्याभ्रूण हत्या को रोकने के लिए आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम सहित ग्राम पंचायत की जिम्मेवारी लगाई गई। इस मौके पर पवन भारद्वाज, रीटा देवी, डिपंल देवी, कुसमलता, सरला देवी, राजेश उपस्थित थे।

## एएनसी रजिस्ट्रेशन 10 सप्ताह के अंदर-अंदर करवाने के दिए निर्देश

# लिंगानुपात में सुधार को लेकर चिकित्सा अधिकारी ने की बैठक

- बैठक में सीएचसी दोचाना में मिलने वाली सभी सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

लिंगानुपात सुधार व गर्भवती पंजीकरण को लेकर मंगलवार को सीएचसी दोचाना में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजली सैनी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पीएचसी की सभी आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर, एएनएम, गांवों के सरपंच नंबरदार व समाजसेवियों ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य लिंगानुपात में सुधार, 10 सप्ताह से पहले गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण करवाना व सहेली प्रोग्राम के विषय में विस्तार पूर्वक बताना था। उक्त विषय में डॉ. सैनी ने लड़के व लड़की में भेदभाव को दूर करना, पीएनडीटी कानून के बारे में जानकारी दी। साथ ही एएनसी रजिस्ट्रेशन 10 सप्ताह के अंदर-अंदर करवाने के लिए निर्देश जारी किए। डॉ. सैनी ने बताया कि सीएचसी दोचाना में 24 घंटे स्टाफ ड्यूटी पर उपस्थित रहता है। यहां



नारनौल। लिंगानुपात सुधार को लेकर बैठक करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

डिलीवरी भी करवाई जाती है। केंद्र पर डिलीवरी बढ़ाने पर चर्चा की गई। बैठक में सीएचसी दोचाना में मिलने वाली सभी सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। जिससे जच्चा व बच्चा सुरक्षित रह सके। इसके साथ ही सभी आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर व सभी एएनएम को सरकार की ओर से लॉन्च सहेली प्रोग्राम के विषय में विस्तार पूर्वक बताए हुए कहा कि जिन महिलाओं को पूर्व में लड़की है व अब वो गर्भवती हैं, उन गर्भवती महिलाओं की दैनिक आधार पर देखभाल करते हुए सही सलामत उसकी संस्थागत प्रसुति करवाने हेतु सहेली नियुक्त की गई हैं। इसी उद्देश्य से सरकार ने आशा, आंगनबाड़ी वर्कर को उसकी सहेली नियुक्त किया है। इस अवसर पर दोचाना के प्रमुख समाज सेवक एडवोकेट दिनेश कुमार सांखला ने विचार व्यक्त करते हुए इस मुहिम में अपना पूरा सहयोग देने की बात कही। डॉ. अमित सिंघानिया ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि आज लड़के व लड़की में कोई भेदभाव नहीं है। डॉ. कुदरत ने इस विषय में गांवों में स्कूलों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाने की कवायद भी की। सरपंच शारदा देवी भांखरी ने आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उन गर्भवती महिलाओं को, जिनके पूर्व में लड़की हैं, उसका बच्चे को जन्म देने के प्रति उत्साह वर्धन करने की अपील की। इस मौके पर महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुदरत, खंड आशा समन्वयक प्रवीण शर्मा, नरेश लाठा, विनोद, मोहित यादव, रामसिंह नंबरदार मौजूद रहे।

# इनेलो किसानों का सबसे बड़ा हितैषीः मंजुरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

इंडियन नेशनल लोकदल किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष फूलसिंह मंजूरा ने कहा कि इनेलो किसानों के हितों की रक्षा करने वाली एक मात्र पार्टी है। वे मंगलवार को नई मंडी में इनेलो किसान सैल की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर न तो खाद मिलता है और न ही बीज मिलता है।

किसानों को उसकी फसल का उचित मूल्य भी नहीं मिलता और न ही बिजली पानी मिलता है। वहीं कीटनाशक भी महंगे रेट पर व नकली मिलते है। इनेलो ने ही किसानों के खिलाफ बनाए गए तीन कृषि कानूनों को वापस करवाने में बढ़ चढ़कर सहयोग किया था। जिससे मजबूर होकर सरकार को कानून वापस लेने पड़े थे। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों की आमदनी दोगुनी करना भी छल साबित हुआ है। किसान को लागत का मूल्य भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने एमएसपी को कानूनी गारंटी की मांग भी की। हाल ही में बिजली के रेट में चार गुना बढ़ोतरी की आलोचना करते हुए उसे भी वापस लेने की मांग की। बैठक में किसान सैल के प्रदेश महासचिव सूबेसिंह, किसान सैल के जिला प्रधान धर्मपाल नंबरदार, सतबीर बडेसरा, छोटेलाल गहली, नवनीत सिंह ढिल्लो, सतनारायण, केदारनाथ गर्ग, करण सिंह यादव, सतपाल छिलरो, अमर सिंह, जयसिंह सैनी, सतनारायण सैनी, नरसिंह दायमा, कैप्टन युद्धवीर यादव, मुकेश नंबरदार, ईश्वर सिंह तोताहेड़ी, मदनसिंह सैनी, सुरेश कुमार, जागेराम, भरपूर सिंह, सूबेदार भागमल, जगदीश वर्मा, घीसाराम, इंद्रपाल, धीरज आदि मौजूद थे।



नारनौल। बैठक करते इनेलो कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

# सभी मनोकामना सिद्धि के लिए 26 जून से होगा आषाढ़ माह के गुप्त नवरात्रि का प्रारंभ

■ गुप्त नवरात्रि में पालकी पर सवार होकर आएंगी माता दुर्गा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व है। हर साल में चार बार नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। आमतौर पर चैत्र और आश्विन मास में आने वाले नवरात्रि को तो सब जानते है। परंतु इनके अतिरिक्त भी विशेष कामनाओं की सिद्धि के लिए आषाढ़ और माघ माह के नवरात्रि होते हैं, जिन्हें गुप्त नवरात्रि बोला जाता है।

ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि इस बार आषाढ़ माह के गुप्त नवरात्रि का प्रारंभ 26 जून से होगा। इसके बाद चार जुलाई शुक्रवार भड़लिया नवमी को इनका समापन होगा। उन्होंने बताया इन नवरात्रों के दौरान मां दुर्गा के 10 महाविद्याओं मां काली, तारा देवी, षोडशी, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला देवी की पूजा विधिवत रूप से पूजा व आराधना की जाती है। गुप्त नवरात्रि में पूजा को गुप्त रखा जाता है, यानी किसी बताया नही जाता है। साधना जितनी गुप्त होती है उसका फल उतना ही फलदाई मिलता है। मान्यताओं के अनुसार गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा के साधनाकाल जप, तप, अनुष्ठान, साधना पूर्ण विधि से गुप्त तरीके से करने से जीवन में आ रही, सभी बाधा दूर हो जाती है और यंत्र, मंत्र, तंत्र की सभी बंदिसे कट जाती है।


राहुल भारद्वाज।

**ये रहेगा नवरात्र में कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त:** नवरात्रि के पहले दिन शुभ मुहूर्त को ध्यान में रखते हुए कलश स्थापना की जाती है। घटस्थापना का शुभ समय सुबह 8:59 बजे से सुबह 10:50 बजे तक रहेगा। अगर इस समय नही कर पाए तो इसके बाद अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 12:56 तक रहेगा। उन्होंने बताया कि शुभ मुहूर्त में किया गया कार्य पूजन अनुष्ठान हमेशा ही सफल होता है

## पालकी पर सवार होकर आएंगी माता दुर्गा इन गुप्त नवरात्रि में

राहुल भारद्वाज ने बताया कि नवरात्रि में माता दुर्गा के वाहन का विशेष महत्व होता है। वैसे तो माता का वाहन शेर है। परंतु नवरात्रि में माता का वाहन वार की हिसाब से होता है। जब भी नवरात्रि वीरवार से प्रारंभ होती है तो मां पालकी (डोली) में सवार होकर आती हैं। इससे गुप्त नवरात्रि के दौरान तेज बारिश के योग बनेंगे। मां दुर्गा का पालकी पर आना अशुभ माना गया है। शास्त्रों के अनुसार पालकी या डोली की सवारी इस बात का संकेत है कि आने वाले समय में लोगों को महामारी, अर्थव्यवस्था में गिरावट और मंदी का सामना करना पड़ सकता हैं। इसके अलावा यह हिंसा, प्राकृतिक आपदाओं का भी संकेत देती है। बारिश और बाढ़ आने का संकेत है।

## नवरात्रि में ये रहेंगे शुभ योग

नवरात्रि के दौरान पांच रवि योग और तीन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहे हैं। सर्वार्थ सिद्धि योग 26 जून सुबह 8:46 से 27 जून प्रातः 7:22 तक रहेगा। रवि योग 28 जून सुबह 6:35 से 29 जून सुबह 6:33 बजे तक और 30 जून प्रातः 7:19 से 1 जुलाई सुबह 8:50 बजे तक रहेगा। इस दौरान महत्वपूर्ण ग्रह परिवर्तन भी होंगे। 28 जून को गुरु ग्रह आद्रा नक्षत्र के दूसरे चरण में प्रवेश करेगा। 29 जून को शुक्र ग्रह वृषभ राशि में और 30 जून को मंगल ग्रह पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में प्रवेश करेगा। शास्त्रों के अनुसार, इन विशेष योगों में की गई साधना विशेष फल प्रदान करती है।

## खबर संक्षेप


मंडी अटेली। गांव धनौंदा की आंगनबाड़ी में गोद भराई रस्म करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### धनौंदा में गोद भराई रस्म कार्यक्रम आयोजित

**मंडी अटेली।** अटेली खंड के गांव धनौंदा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत गोद भराई रस्म कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग से एमपीएचडब्ल्यू सुनील व रजनी ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने पौष्टिक आहार में मोटा अनाज के प्रयोग करने व हरी सब्जियां एवं संतुलित आहार लेने बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सरपंच रिंकू यादव ने कहा कि गांव में गोद भराई रस्म अक्सर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाने के लिए आयोजित की जाती है। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतोष, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूजा यादव, हेल्पर सुशीला आदि रहे।


नारनौल। बच्चों को टीके लगाती स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो: हरिभूमि

### 671 बच्चों व 104 गर्भवती महिलाओं को लगाए टीके

**नारनौल।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से 23 से 28 जून तक चलाए जा रहे स्पेशल प्रतिरक्षण सप्ताह के तहत अब तक जिले में लगभग 671 बच्चों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाव वाले टीके व 104 गर्भवती महिलाओं को टेटनेस के टीके लगाए जा चुके हैं। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का पूरा प्रयास है कि जिले में ईंट भट्ठा, क्रेशर, स्लम व झुग्गी झोपड़ियों में कोई भी बच्चा बिना टीकाकरण ना रहे। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया है कि यदि किसी बच्चे का कोई टीका छुटा हुआ है या फिर टीकाकरण नहीं हुआ वो अपने बच्चों को इस सप्ताह टीका जरूर लगवाएं।

### एआईकेकेएमएस ने की बिजली दरें बढ़ाने की निंदा

**नारनौल।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने बिजली दरों में की गई भारी भरकम वृद्धि की कड़ी आलोचना की तथा इसे वापस लेने की माग की। संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी व जिला सचिव डॉ. व्रतपाल सिंह ने बताया कि सरकार ने फिक्स चार्ज लगाकर व रेट बढ़ाकर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की कमर तोड़ दी है। बिजली के रेट पहले ही बहुत अधिक थे, जनहित के खिलाफ प्रदेश सरकार ने एक बार फिर बिजली दरों में कटौती की बजाय वृद्धि कर दी है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पहले ही महंगाई से परेशान हैं।

## देखरेख के अभाव में स्टेडियम का भवन हो चुका बदहाल, शरारती तत्वों ने भवन के तोड़े शीशे

# खेल स्टेडियम की हालात खस्ता, खिलाड़ियों को पीने का पानी भी नहीं होता नसीब

■ भवन के दरवाजे व खिड़कियां भी हो चुकी गायब, कच्चे ट्रैक पर दौड़ने को मजबूर है खिलाड़ी, खेल मैदान में शौचालय तक का है अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सरकार की ओर से खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन महेंद्रगढ़ के खेल स्टेडियम में सरकार के सभी दावे फेल हो रहे है। यहां के खेल स्टेड़यिम में खिलाड़ियों की सुविधा तो दूर की बात है यहां खिलाड़ियों पीने तक का पानी नसीब नहीं होता। अधिकारियों व सरकार के कई बार शिकायत पहुंचाने के बाद भी खिलाड़ियों की सुध नहीं ली जा रही है। लंबे समय से खेल सुविधाओं के दायरे में कोई विस्तार नहीं होने के कारण खेल प्रतिभाएं दम तोड़ रही हैं। लचर सुविधाओं के अभाव में नए खिलाड़ियों की पौध भी समय से पहले ही मुरझा रही है। बता दें कि महेंद्रगढ़ जिला प्रदेश के सबसे पुराने जिले में से एक है। वहीं सरकार की अनदेखी के चलते जिला लगातार अन्य जिलों से पिछड़ता जा रहा है। यहां के खेल स्टेडियम केवल नाम का ही रह गया है। सुविधा के नाम पर खेल मैदान में कुछ भी नहीं हैं। इसके बावजूद भी सुबह-शाम भारी संख्या में खिलाड़ी खेल में भविष्य बनाने की मांग चाहत लेकर अभ्यास करने पहुंचते हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि अगर उनको सुविधाएं मिले तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। यह भी बता दें कि महेंद्रगढ़ शहर में तत्कालीन कांग्रेस सरकार में कॉलेज ग्राउंड के पास 20 दिसबंर 2006 को खेल स्टेडियम का शिलान्यास पूर्व केंद्रीय उत्पादन राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने किया था। 22 अगस्त 2010 को पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने खेल स्टेडियम का लोकार्पण किया। अब स्टेडियम के भवन की हालात ऐसी है कि भवन में लगे शीशे शरारती तत्वों द्वारा तोड़ दिए गए हैं। टूटे हुए शीशे स्टेडियम के भवन में बिखरे हुए हैं। यह शीशे किसी को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा भवन के सभी दरवाजे व खिड़कियां गायब हो चुकी है। इसके अलावा खिलाड़ियों के दौड़ने के लिए बनाया गया ट्रैक भी कच्चा है। यह भी साइड से पूरी तरह से टूट चुका है। इसके अलावा भवन में जिम के लिए लगाई गई मशीन भी कबाड़ हो चुकी है। जो साइड के कमरे में पड़ी हुई है।


महेंद्रगढ़। खेल स्टेडियम के टूटे खिड़की व दरवाजे। फोटो: हरिभूमि

### काफी संख्या में खिलाड़ी करते हैं अभ्यास

स्थानीय खेल स्टेडियम में सुबह-शाम भारी संख्या में खिलाड़ी अभ्यास करने के लिए आते हैं। इसके सेना में जाने वाले युवा भी इसी खेल मैदान में अभ्यास करते है। इस खेल स्टेडियम यहां खिलाड़ियों के पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं है। खिलाड़ी अपने घर से पानी लेकर स्टेडियम में आते हैं। वहीं शौचालय चालू नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को परेशानी उठानी पड़ती है। सबसे अधिक परेशानी लड़कियों को उठानी पड़ रही है।


नारनौल। बैठक करते ग्रामीण चौकीदार। फोटो: हरिभूमि

# मांगों को लेकर ग्रामीण चौकीदारों ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

■ बैठक के बाद चौकीदारों ने मांगों का ज्ञापन बीडीपीओ को सौंपा

ग्रामीण चौकीदार संगठन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी के ब्लॉक नांगल चौधरी के चौकीदारों की बैठक जिला प्रधान सुरेश चन्द नंगली की अध्यक्षता में ब्लॉक कार्यालय नांगल चौधरी में हुई। जिसे एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह ने सम्बोधित किया। संचालन ब्लॉक सचिव देशराज ने किया। पूर्व खण्ड प्रधान जगमाल ने भी अपने विचार रखे। एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह ने कहा कि ग्रामीण चौकीदार गांवों के सजग प्रहरी है। गांवों में सामाजिक भाईचारा कायम रखने में ग्रामीण चौकीदारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर जिला प्रधान सुरेश चन्द नंगली ने कहा कि ग्रामीण चौकीदार प्रशासन व ग्राम पंचायत के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी है, जो सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाने में सहायक है। ग्रामीण चौकीदारों की लम्बी सन्तोष जनक सेवाओं को देखते हुए सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए तथा सामाजिक दायरें में लाकर पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए। गुगनराम व जयप्रकाश ने ग्रामीण चौकीदारों के लिए न्यूनतम वेतन लागू किए जाने की मांग की। बैठक के बाद नांगल चौधरी बीडीपीओ खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की कि ग्रामीण चौकीदारों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा व न्यूनतम वेतन लागू करने सहित कई मांगे रखीं। इस मौके पर गुगनराम, जयप्रकाश, ओमप्रकाश, विक्रम सिंह, जगदीश, रामनिवास, रघुवीर, गीता, रवि, सत्यपाल, धनपत सहित अनेक ग्रामीण चौकीदार उपस्थित थे।

# भारतीय परंपरा के ज्ञान के साथ रोजगार समृद्ध पाठ्यक्रम है हिंदू अध्ययन: प्रो. टंकेशवर कुमार

■ हकेंवि में हिंदू अध्ययन की पढ़ाई के लिए आवेदन 30 जून तक

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 से एमए हिंदू अध्ययन पाठ्यक्रम की पढ़ाई शुरू हो रही है। विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के अंतर्गत उपलब्ध इस पाठ्यक्रम के लिए सीयूईटी (पीजी) 2025 में हिंदू अध्ययन (परीक्षा पत्र कोड-एसीक्यूपी08) के अंतर्गत प्रवेश परीक्षा देने वाले योग्य अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने इस पाठ्यक्रम की शुरूआत को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य नवाचारपूर्ण शैक्षणिक अध्ययन, अनुसंधान और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से हिंदू अध्ययन को जानना है। प्रो. टंकेशवर कुमार ने बताया कि हिंदू अध्ययन एक बहुविषयक क्षेत्र है जो विश्व के प्राचीनतम और प्रभावशाली हिंदू धर्म के आध्यात्मिक, ऐतिहासिक, दार्शनिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक पहलुओं को गहराई से जानने-समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा युवाओं को भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ-साथ रोजगार सृजन के मोर्चे पर भी प्रशिक्षण का अवसर प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय में सीयूईटी के नोडल आफिसर डॉ. तेजपाल ढेवा ने बताया कि विश्वविद्यालय में एमए हिंदू अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता किसी भी विषय में कम से कम 50 प्रतिशत के साथ स्नातक व इसके समकक्ष पाठ्यक्रम अनिवार्य है।


महेंद्रगढ़। हकेंवि भवन।

# किसानों को नई तकनीक व आधुनिक मशीनों से जोड़ रही हरियाणा सरकार

■ अब मोबाइल ऐप से मिलेगी कीट व बीमारी की पूरी जानकारी

■ केंद्र व राज्य के अधिकारियों ने किया जिले की फसलों का सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज नारनौल

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की एक टीम ने मंगलवार को महेंद्रगढ़ जिले में कपास व अन्य फसलों का सर्वेक्षण किया। इस दौरान किसानों को फसलों को कीटों व बीमारियों से बचाने के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। सबसे खास बात यह रही कि किसानों को राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली मोबाइल ऐप के इस्तेमाल के बारे में विस्तार से बताया गया। हरियाणा सरकार का भी मकसद है कि इस नई तकनीक व आधुनिक मशीनों का प्रयोग करें। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद की उपनिदेशक डॉ. वंदना पांडेय के नेतृत्व में आई टीम ने जिला कृषि विभाग के डॉ. देवेंद्र सिंह व डॉ. हरपाल यादव के सहयोग से यह सर्वेक्षण किया।

**क्या है राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली मोबाइल ऐप:** डीडीए देवेंद्र सिंह ने बताया कि यह एक बेहद काम का ऐप है, जिसे किसान अपने मोबाइल फोन पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इस ऐप की मदद से किसान अपनी फसल में लगने वाले किसी भी कीट या बीमारी की जानकारी तुरंत पा सकते हैं। उन्हें ऐप के माध्यम से ही विशेषज्ञ सलाह भी मिलेगी कि कैसे इन समस्याओं से निपटा जाए। इस एप का सबसे बड़ा फायदा यह है कि किसान अनावश्यक रूप से केमिकल वाले कीटनाशकों का इस्तेमाल करने से बच सकेंगे।


नारनौल। जिले में फसलों का सर्वेक्षण करती कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की टीम। फोटो: हरिभूमि

**फेरोमन ट्रैप का इस्तेमाल:** फसल की शुरूआत में कीटों की निगरानी व रोकथाम के लिए प्रति खेत में चार फेरोमन ट्रैप लगाने की सलाह दी गई। कपास के लिए अलग तरह का एलयूआरई (आकर्षक) और अन्य फसलों के लिए अलग तरह का एलयूआरई इस्तेमाल करने को कहा गया।

### अवशेषों का प्रबंधन

किसानों को यह भी सलाह दी गई कि कपास के खेत के पास पुरानी फसल के अवशेषों को पॉलीथिन से ढक दें या मिट्टी में दबा दें। इससे कीटों के पनपने का खतरा कम होगा। इस सर्वेक्षण में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद से सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी लक्ष्मीकांत, वैज्ञानिक सहायक रूबी, तकनीकी अधिकारी मिस आस्था हुड्डा व हरियाणा राज्य सरकार के जिला कृषि विभाग से डॉ. सुधीर यादव सहित कई गणमान्य किसान मौजूद रहे।

### फिल्मी कलाकार प्रताप सिंह के निधन पर जताया शोक

**कनीना।** कनीना निवासी फिल्मी कलाकार प्रताप सिंह विश्वासी का निधन हो गया। वे पिछले समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उनका अंतिम संस्कार कनीना में किया गया। नाट्य विद्या मंचन के समय श्रोताओं की आखें नम हो जाती थी। मोहन सिंह ने बताया कि कला प्रेमी उन्हें भूल नहीं पाएंगे। हरियाणवी एलबम बनाने वाले विश्वासी के सानिध्य में आसपास के सैकड़ों गीत, संगीतकार, नाटककार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके नाटक खतरे में भारत मां, एक और शहीद, आबरु, वतन, बापू पढ़न चाल ने उनको अलग पहचान दी थी। उनके निधन पर नगर पालिका की चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढ़ा, पूर्व नपा प्रधान सतीश जेलदार, राजेश यादव ने शोक जताया है।

# जागरूकता का प्रसार करके मलेरिया पर लगाएं अंकुश

**नांगल चौधरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एसएमओ डॉ. अशोक कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मलेरिया से बचाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों को गांव वाइज जागरूकता अभियान चलाकर मलेरिया पर अंकुश लगाने की जिम्मेवारी सौंपी गई। उन्होंने कहा कि पानी के ठहराव में मादा एनाफ्लीज मच्छर उत्पन्न होते हैं, जिनके काटने से मलेरियाए एलर्जी व अन्य संक्रमित रोग संभव हैं। पीड़ित को सर्दी लगकर बुखार आता है, लेकिन अधिकतर पीड़ित लक्षणों पर ध्यान नहीं देते और मेडिकल से दवाइयां ले लेते हैं। जिनसे मरीज को कुछ घंटे आराम मिलेगा, लेकिन टेबलेट का असर खत्म होते ही दुबारा सर्दी लगकर बुखार आ जाएगा। जल्द ही इलाज नहीं कराने पर पीड़ित को जानलेवा खतरा संभव हो सकता है। बचाव के लिए घरों के आसपास पानी का ठहराव नहीं होने दें और दो दिन से अधिक बुखार रहने पर ब्लड की जांच कराएं। सीएचसी में उपलब्ध निशुल्क ब्लड की रिपोर्ट के अनुसार ही ट्रीटमेंट कराएं। एसएमओ ने कहा कि मच्छर जनित बीमारियों से बचने के लिए खासकर गर्भवती महिला व बच्चे मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। घरों की खिड़कियों पर जाली लगवाएं और सभी कमरों में कीटनाशक दवा की स्प्रे कराएं। रात को पूरी बाजू के कपड़े पहनकर सोएं, ताकि मच्छरों से बचाव रहे। कर्मचारियों को घर घर जाकर मलेरिया बचाव संबंधी पेपर वितरित करने के दिशानिर्देश दिए गए। इस मौके पर धर्मबीर यादव, राकेश कुमार, बीएसी सुभाष यादव, विकास कुमार आदि मौजूद थे।

# पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत ग्रामीणों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज नारनौल

■ नशे से दूर रहकर परिवार में लाएं खुशहाली

नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस ने गांव नावदा अटेली में चौपाल लगाई। इस दौरान कई तरह के अपराधों की जानकारी साझा कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। एसपी पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार अटेली के गांव नावदा में नशा मुक्ति अभियान के तहत निरीक्षक लाजपत व उनकी टीम ने गांव की चौपाल में लोगों को नशा नहीं करने तथा इसके दुष्परिणाम की जानकारी दी। टीम ने लोगों से अपील करने के साथ बच्चो के माता पिता से कहा कि वे जागरूक हो जाएं, तो हर घर का बच्चा नशा प्रवृति से दूर हो सकता है, क्योंकि आज हमारे क्षेत्र में लोगों को कई तरह के नशे की लत लग जाती है और खासकर युवा अवस्था में लगी नशा प्रवृति आगे चलकर घातक साबित होती है। इसलिए हमारे साथ बच्चों को नशे से दूर रखना होगा। इस दौरान टीम ने ग्रामीणों से नशा मुक्ति अभियान के तहत सीधा संवाद किया। टीम ने बताया कि नशा एक ऐसी बीमारी है, जिसकी गिरफ्त में आकर व्यक्ति दिन प्रतिदिन इस दलदल में धंसता चला जाता है। अंत में असमय मौत का शिकार हो जाता है। इस सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए पुलिस की ओर से समय समय पर विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

## पुलिस की प्रताड़ना से रामबिलास शर्मा बेहोश हो गए, मुंह और कानों से बहने लगा था खून

# इमरजेंसी के विरोध में पूरे देश में हुआ आंदोलन, हरियाणा भी नहीं रहा अछूता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

■ 30 नवंबर 1975 को रामबिलास शर्मा ने किया था सत्याग्रह


पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा।

तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाई गई इमरजेंसी के विरोध में पूरे देश में आंदोलन शुरू हुआ। हरियाणा भी इससे अछूता नहीं रहा। विशेषकर अहीरवाल से विरोध की आवाज बुलंद करने वालों में तत्कालीन युवा नेता प्रो. रामबिलास शर्मा प्रमुख रूप से थे। आज भी उस इमरजेंसी की काली रात को याद कर रामबिलास शर्मा के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। अहीरवाल के बहुत से नेता जेल गए व पुलिस की बर्बरतापूर्ण यातनाओं को सहन किया। इसके विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। 1975 में रामबिलास शर्मा जन संघ के संगठन महामंत्री थे। प्रेमचंद गोयल प्रांत प्रचारक, डॉ. अशोक गर्ग विभाग प्रचारक के निर्देशन में रामबिलास शर्मा रोहतक में सत्याग्रह का संचालन करते थे। एक जत्था, जिसमें लाला अमरचंद, भगवान दास बंसल, मदनलाल हरदोई, प्रोफेसर श्याम पसरिजा, जगदंबा प्रसाद, रमेश चंद्र सहित लगभग आठ लोग शामिल थे, कई दिन से गायब थे। इमरजेंसी के दौरान पुलिस ने न इनकी कोई गिरफ्तारी दिखाई, न इन्हें किसी अदालत में पेश किया और अवैध रूप से पुलिस हिरासत में रखा। हरियाणा में सत्याग्रह बंद हो गया, संगठन के प्रमुख लोगों की बैठक हुई और निर्णय लिया गया कि इन सत्याग्रह ही जत्थे को ढूंढा जाए व जेल भिजवाया जाए। यह उस समय नाहड़ झज्जर जिले में पुलिस चौकी में थे। रामबिलास शर्मा को जिम्मेवारी दी गई कि वे चौकी के सामने जाकर सत्याग्रह करें। 30 नवंबर 1975 को रामबिलास शर्मा ने पुलिस चौकी के सामने सत्याग्रह किया। वहां लगभग 100 पुलिस के जवानों सहित डीएसपी गुरबख्श लालपुरी भी मौजूद थे।

### पुलिस का उत्पीड़न था असहनीय

रामबिलास शर्मा जब वहां इस जत्थे को अदालत में पेश करवाने के लिए नाहड़ थाने पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और बुरी तरह से टार्चर किया। पुलिस की टॉर्चर से रामबिलास शर्मा बेहोश हो गए, उनके मुंह व कानों से खून बहने लगा। नाहड़ पुलिस ने रिमांड लेने के लिए रामबिलास शर्मा को चार दिसंबर 1975 को रात 8-30 बजे मजिस्ट्रेट के आवास पर पेश किया। अदालत ने पुलिस को रामबिलास शर्मा का आठ दिन का रिमांड दे दिया। जहां रामबिलास शर्मा को आठ दिन के पुलिस रिमांड पर अंबाला इंटेरोगेशन सेंटर में भेज दिया गया। वहां पर रामबिलास शर्मा को बहुत अधिक यातनाओं का सामना करना पड़ा। रामबिलाश शर्मा ने किसी तरह एक पत्र लिखकर वहां कार्यरत एक कर्मचारी के मार्फत प्रेमचंद गोयल को भिजवाया और अपने साथ बीती सारी बातों का उस पत्र में वर्णन किया। प्रेमचंद गोयल तथा उनकी पत्नी अन्नपूर्णा ने उस समय तानाशाही से जूझता हरियाणा पुस्तक लिखी, जिसमें ईमरजेंसी के दौरान रामबिलास शर्मा व अन्य लोगों के साथ की गई तानाशाही का भी वर्णन लिखा है। बाद में रामबिलास शर्मा को मीसा के तहत रोहतक जेल लाया गया। वहां पर बीजू पटनायक, चौधरी देवीलाल, स्वतंत्रता सेनानी पंडित श्रीराम शर्मा व पीलू मोदी भी जेल में बंद थे। उन सबने रामबिलास शर्मा की हालत देखी और उन्हें गंभीर अवस्था में मेडिकल रोहतक भिजवाया।

### कांग्रेस का सफाया

रोहतक मेडिकल के बाद पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा को अंबाला सेंट्रल जेल भिजवा दिया और अंबाला जेल से रामबिलास शर्मा को बिहार की गया जेल भिजवा दिया। उस समय दूरभाष व अन्य टेक्नोलॉजी का जमाना नहीं था। रामबिलास शर्मा के बूढ़े मां-बाप उन्हें खोजने के लिए दर-दर भटकते रहे। बाद में उन्हें किसी तरह पता चला कि उनके पुत्र को तो अंबाला बंद कर रखा और अब उन्हें बिहार भेज दिया गया है। देश में 18 मार्च 1977 को चुनाव हुए और 20 मार्च को चुनाव परिणाम आए देश में कांग्रेस का सफाया हो गया। इंदिरा गांधी, संजय गांधी और बंसीलाल चुनाव हार गए। 22 मार्च 1977 को रामबिलास शर्मा को बिहार की गया जेल से रिहा कर दिया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005